फिर भी मेरा कहना यह नहीं कि बच्चों से मोबाइल पूरी तरह से छीन लिया जाए। पढ़ाई वाले वीडियो, इंटरनेट पर क्लास, डिजिटल किताबें, इन सभी से सच में फायदा होता है। मुश्किल तब आती है जब पढ़ने के लिए उठाया गया फोन थोड़ी देर में गेम या रील पर पहुँच जाता है। दस मिनट कब एक घंटा बन गया पता ही नहीं चलता। असल बात यह है कि मोबाइल अच्छा है या बुरा, यह सवाल ही थोड़ा अधूरा है। देखना यह चाहिए कि कितना चल रहा है और किसलिए चल रहा है। बच्चे को यह समझ आना चाहिए कि फोन उसकी जिंदगी का एक हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। इसमें माँ–बाप की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। बस इतना कह देने से कि फोन रखो, दिन भर इसी में घुसे रहते हो, बात नहीं बनती। बच्चा बाहर जाए भी तो जाए कहाँ, यह सोचने वाली बात है। कई मोहल्लों में खेलने की जगह ही नहीं बची। जहाँ पहले खाली मैदान होता था, वहाँ अब गाड़ियाँ खड़ी रहती हैं या कोई नई बिल्डिंग खड़ी है। ऐसे में कम से कम घर के आसपास साइकिल चलाने या बैडमिंटन खेलने का मौका तो मिलना ही चाहिए।

खेल को अलग से कोई काम मानना ठीक नहीं, उसे रोज की दिनचर्या में रख लीजिए। रोज आधा घंटा भी बच्चा बाहर खेल ले तो शरीर तो ठीक रहेगा ही, उसका मूड भी अच्छा रहता है। हर बच्चा क्रिकेट ही खेले, ऐसा कोई नियम नहीं है। किसी को बैडमिंटन पसंद आता है, किसी को साइकिल, और कोई बस दोस्तों के साथ इधर–उधर दौड़ लगाकर भी खुश हो जाता है। जो भी हो, बस बच्चा शारीरिक रूप से सक्रिय रहे। एक बात और, जो हम अक्सर भूल जाते हैं। बच्चे हमारी बातों से कम और हमें देखकर ज्यादा सीखते हैं। माँ–बाप खुद दिन भर फोन में लगे रहें और बच्चे से कहें कि मोबाइल

कम चलाओ, तो बच्चा मन ही मन यह सोचेगा कि पहले आप तो रखिए। इसलिए जो बात बच्चे से कहनी है, उस पर थोड़ा अमल खुद भी करना पड़ेगा।

तकनीक को पूरी तरह छोड़ देना आज न तो हो पाएगा, न ही यह पूर्णतः ठीक होगा। मोबाइल और इंटरनेट की अपनी जगह है, और खेल के मैदान की अपनी। दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं है, बस दोनों को उनका सही हिस्सा देना है। कभी–कभी, मैं सोचता हूँ कि आज के बच्चे जब बड़े होंगे तो उन्हें अपना बचपन किस बात पर याद आएगा। किसी गेम का कोई लेवल पार करने पर, या उस दिन पर जब बारिश में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेला था। हो सकता है दोनों याद आएँ, पर मैदान वाली यादों की बात ही कुछ और होती है। मिट्टी में लोटना, कपड़े गंदे करना, घुटने छिल जाना, हार के बाद दोस्त से मुँह फुलाना और थोड़ी देर बाद फिर उसी के साथ खेलने लग जाना। बचपन इन्हीं छोटी–छोटी बातों से बनता है।

खेल – जीवन काल की आवश्यकता

नेहा शुक्ला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली

जन्म लेते ही मनुष्य विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों में कार्यरत रहता है। ये क्रियाएं प्रारंभिक वर्षों में दिशाहीन और अर्थहीन होती है पर जैसे जैसे नवजात अन्य लोगो के संपर्क में आता है, उसकी क्रियाओं में विभिन्नता लोगो से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के कारण आती–जाती रहती है और इन्हीं क्रियाकलापों से एक समय के बाद एकरूपता भी आ जाती है। उनके ये क्रियाकलाप प्रौढ़ व्यक्तियों के लिए खेल के सामान होते है। इसका यह अर्थ है कि व्यक्ति की कोई भी क्रिया दूसरे व्यक्ति को प्रभावित करती है। खेलना भी एक प्रकार की क्रिया ही है।

धीरे–धीरे जब नवजात बाल्यकाल में प्रवेश करता है, तब खेलकूद करना उसके आनंद का समय होता है। शारीरिक एवं मानसिक विकास का समय होता है। उस दौरान, इस भागते–दौड़ते जीवन से परे बालक–बालिकाएं सौहार्द्र का अनुभव करते है। मित्रों के साथ मिलनसारिता और गठबंधन के पलों का आनंद लेते हैं। नब्बे के दशक में, बच्चे अपने बचपन में खो–खो, गली क्रिकेट, बैडमिंटन, पकड़म–पकड़ाई खेलते थे। संध्या समय में केवल इन खेलों को खेला जाता था। घर की छतों पर जाकर पतंगबाजी की जाती थी। घरों के अंदर भी बच्चे लूडो, शतरंज, सांप–सीढ़ी, कैरम खेलते थे। बड़े–बुजुर्ग भी बढ़–चढ़ कर इन खेलो में भाग लेकर आनंद का अनुभव लेते थे। जैसे–जैसे समय बीत रहा है, खेल खेलने के दायरे सीमित होते जा रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों का समय अब मोबाइल में बीतता है। मुख्यतः इसका कारण एकाकीपन भी है और एकाकी परिवार में रहना भी है। संयुक्त परिवार की परिभाषा अब समाप्त होती जा रही है। सब अपने छोटे शहरों, कस्बों और गांवों को छोड़कर रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की तरफ भाग रहे है। खेल और रोजगार के बीच में तारतम्यता नहीं बन पा रही है, क्योंकि साधारणतः सभी के लिए खेल जीविका का साधन नहीं है पर इसका तात्पर्य यह नहीं है कि खेल मानसिक–शारीरिक संतुलन का साधन नहीं है। खेल यदि आपकी जीवनशैली में है तो, आप शारीरिक रूप से स्वस्थ तो है ही और जीवन की किसी समस्या का सामना करने में सबल और सक्षम भी है। आज के परिप्रेक्ष्य में, युवावस्था और प्रौढ़ावस्था में व्यक्ति का खेल के प्रति रूझान कम होता जाता है क्योंकि उस दौर के व्यक्ति जीवन की अन्य जिम्मेदारियों में व्यस्त थे।

हर व्यक्ति की अपने शरीर के प्रति जिम्मेदारी है। जहां लोग कोरोनाकाल में शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपनों से छूट गए, वही शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति इस संक्रमणकाल का सामना कर पाया। किसी भी खेल में प्रयासरत व्यक्ति की मानसिकता और मनोवैज्ञानिकता निरंतर प्रगतिशील रहती है। उस व्यक्ति विशेष को स्वयं पर कुछ करने का विश्वास होता है। खेल के प्रति रुचि विकसित करने का सबसे उपयोगी स्थल विद्यालय है। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की खेल संबंधी गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं और ये प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल–भावना का विकास करने में सक्षम होती है। इन खेलों से ही तो बच्चों में मित्रता का विकास होता है। साथ–साथ खेलने की क्षमता बढ़ती है। एक–दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करने का अनुभव प्राप्त होता है, जिसका उपयोग अक्सर जीवन के अन्य बड़े निर्णयों में काम आता है, विशेष रूप से जब आपके द्वारा किए कार्य से अन्य लोग प्रभावित होते हैं। इस प्रभाव की सकारात्मकता तभी सिद्ध होती है जब आपके भीतर विकसित खेल–भावना का उचित उपयोग होता है।

उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी 'गुल्ली–डंडा' का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह खेल के प्रति प्रेम, खेल से उत्पन्न प्रतिस्पर्धा और मित्रता की एक अद्‌भुत रुचिकर कहानी है। यह खेल के प्रति अदम्य प्रेम के कारण दो मित्रों के मिलन के विषय में बतलाती है। कहानी में खेल की प्रतिस्पर्धा ही विषय नहीं है, बल्कि दो मित्रों की मित्रता इस एक खेल पर ही टिकी है। जब दो मित्र लंबे अंतराल के बाद आपस में मिलते है तब वे दोनों बस उस खेल की बात करते हैं। उनके लिए यह वह खेल है जो उनके रहन–सहन के बीच के अंतर को कम करता है। आज एक मित्र ऊंचे पद पर है और दूसरा सामान्य कार्य करता है, पर इस खेल 'गुल्ली–डंडा' ने बड़े–छोटे का स्तर समाप्त कर बंधुत्वता को सर्वोपरि कर दिया है। खेल भावना का विकास वृहद सोच को प्रोत्साहित करती है।

खेल की जीवन में बढ़ती–घटती आवश्यकता जीवन के जीने के प्रयासो पर निर्भर करती है। व्यक्ति का सर्वांगीण विकास जीवनभर में खेले गए खेलों का स्वस्थ एवं अवस्थ परिणाम होता है। यदि हम किसी भी खेल को अपने जीवन में अपनाते है, तब तन और मन से विकसित एवं प्रगतिशील रहते है। खेल एक योग की प्रक्रिया है जो शनैः–शनैः अंदर रम रहती है। अतः इस पीढ़ी और आने वाली हर पीढ़ी को खेलभावना के प्रति अपना रुझान एवं प्रेम बनाए रखना चाहिए।

खेल का महत्व

सपना धाकड़

सी.एस.आई.आर.–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली

खेल एक ऐसा माध्यम है जो हमें काफी सरल तरीके से बहुत कुछ सिखा देता है, जो हमें किताबों में नहीं मिलता। आज हम इस भागदौड़ की जिंदगी में कार्यालय पहुंचने से लेकर अन्य जिम्मेदारियों में व्यस्त रहते हैं, परंतु खेल हमारी जिंदगी को एक ठहराव देता है। जब हम खेल के मैदान में पसीना बहाते हैं, तो यह हमें दोबारा अपने कार्य को करने की ऊर्जा प्रदान करता है। खेल हमें जीत में विनम्र रहना और हारने पर पुनः सिर उठाकर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। आज के दौर में खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहा, बल्कि नई पीढ़ी के युवा इसे अपने करियर के रूप में अपना रहे हैं और दुनिया भर के मंचों पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल में कोई भी हमारा विरोधी नहीं होता, बल्कि प्रतिद्वंद्विता हमारे अंदर के बेहतरीन खिलाड़ी को बाहर लाने का काम करती है। खेल का मैदान ही वह जगह है जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग आपसी सौहार्द से एक टीम के रूप में बिना किसी भेदभाव के अपनी टीम को जिताने का प्रयास करते हैं।

खेल व्यायाम का भी एक महत्त्वपूर्ण साधन है और इससे लोगों को अपने मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। बच्चों को भी यह कई महत्त्वपूर्ण शिक्षाएँ देता है। बच्चों में अपने माता–पिता, शिक्षक और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाता है। अतः हम कह सकते है कि खेल स्वस्थ शरीर, सकारात्मक सोच और एक सशक्त चरित्र के निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

क्रिकेट और वॉलीबॉल : खेल भावना का संदेश

दिलीप कुमार गहलोत, रूपेन्द्रजीत एवं देवेन्द्र कुमार सोनी

सी.एस.आई.आर.–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली

खेल केवल मैदान पर नहीं खेले जाते, वे दिलों को भी जोड़ते हैं। क्रिकेट हो या वॉलीबॉल.दोनों खेल हमें जीवन की एक महत्वपूर्ण सीख देते हैं कि सफलता कभी अकेले नहीं मिलती। इसके लिए टीम भावना, अनुशासन, विश्वास, मेहनत और एक–दूसरे का साथ आवश्यक है। क्रिकेट की शुरुआत 16वीं शताब्दी में इंग्लैंड में हुई और पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 1844 में अमेरिका व कनाडा के बीच खेला गया। भारत में क्रिकेट का पहला दर्ज मैच 1721 में बॉम्बे में हुआ। वॉलीबॉल का जन्म 1895 में अमेरिका के विलियम जी. मॉर्गन ने YMCA में किया। भारत में यह खेल 1910 के आसपास YMCA, मद्रास में लोकप्रिय हुआ। इन दोनों खेलों ने समय के साथ न केवल मैदानों में, बल्कि समाज और संस्:ति में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी।

CSIR SPB Zonal Tournament की परंपरा ने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को एक साझा मंच दिया है जहाँ खेल के माध्यम से सहयोग, स्वास्थ्य और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आपसी जुड़ाव और प्रेरणा का उत्सव है। क्रिकेट में खिलाड़ी की अपनी भूमिका होती है – कोई बल्लेबाजी करता है, कोई गेंदबाजी, कोई क्षेत्ररक्षण और कोई टीम का नेतृत्व करता है। उसी प्रकार, वॉलीबॉल में हर खिलाड़ी का योगदान पूरी टीम की सफलता से जुड़ा होता है। यहाँ एक छोटी–सी गलती पूरी टीम को प्रभावित कर सकती है और एक सही प्रयास पूरे खेल का रुख बदल सकता है। यही तो जीवन भी है। जीत हमें विनम्र रहना सिखाती है और हार हमें फिर से उठकर प्रयास करना सिखाती है। मैदान पर प्रतिद्वंद्वी भले ही अलग–अलग टीमों में हों, लेकिन खेल समाप्त होने के बाद हम सभी एक ही परिवार का हिस्सा हैं।

हमारा संदेश

खेल में जीत से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना,

प्रतिस्पर्धा से अधिक महत्वपूर्ण है सम्मान,

और व्यक्तिगत सफलता से अधिक महत्वपूर्ण है टीम की सफलता। आइए, क्रिकेट और वॉलीबॉल के माध्यम से हम ऐसा वातावरण बनाएँ जहाँ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ मित्रता, सहयोग और भाईचारा भी मजबूत हो।

क्योंकि –

"एक खिलाड़ी अकेला अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन एकजुट टीम ही इतिहास बना सकती है।"

खेलें पूरे उत्साह से

जीतें खेल भावना से

और जुड़ें एक–दूसरे के साथ

CSIR SPB Zonal Tournament आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि सहयोग, धैर्य और एकता ही जीवन की असली सफलता है। खेल भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर हम न केवल बेहतर खिलाड़ी, बल्कि बेहतर इंसान भी बन सकते हैं।

''खेल हमें जीतना ही नहीं, बल्कि एक–दूसरे के साथ चलना भी सिखाता है – यही असली उपलब्धि है।''

स्क्रीन समय बनाम खेलने का समय

विजय मालव, अर्चना साहू एवं सऊद अहमद

सी.एस.आई.आर.–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली

"बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाहरी या मैदानी खेल और डिजिटल स्क्रीन दोनों ही जरूरी है, लेकिन वर्तमान आधुनिक समय में असली चुनौती है उनके बीच संतुलन बनाना।"

कल शाम को जब मैं पार्क में बैठा था तो मैंने देखा कि कुछ बच्चे पकड़म–पकड़ाई, लुका–छिपी और क्रिकेट खेल रहे थे, जबकि कुछ बच्चे अपने हाथ में मोबाइल व टैबलेट लिए गेम खेल रहे थे और कुछ मनोरंजक वीडियो देख रहे थे। सभी बच्चे लगभग समान उम्र के थे, लेकिन उनके मनोरंजन का साधन अलग–अलग था। यह दृश्य हम सबको सोचने पर मजबूर करने के लिए काफी है कि आजकल बच्चों के मनोरंजन के साधनों में जो बदलाव आया है, वह इन नन्हे बच्चों के बचपन और उनकी दिनचर्या को किस प्रकार प्रभावित कर रहा है। वर्तमान युग आधुनिक और तकनीकी युग है, लेकिन आधुनिकता और तकनीक के साथ बाहरी या मैदानी खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास का एक अभिन्न हिस्सा हैं। इसलिए प्रश्न यह नहीं है कि डिजिटल स्क्रीन या तकनीक अच्छी है या बुरी, बल्कि यह है कि तकनीक और शारीरिक खेल के बीच संतुलन कैसे बनाया जा सकता है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाहरी या मैदानी खेलों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। खेल केवल बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि ये बच्चों के शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बाहरी खेल जैसे क्रिकेट, खो–खो, कबड्डी आदि बच्चों को सक्रिय रखने में मदद करते हैं और उनमें आत्मविश्वास तथा अनुशासन की भावना बनाए रखने के लिए सहायक हैं। बच्चे एक साथ समूह में खेलकर नियमों का पालन करना, एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान और सहयोग करना सीखते हैं। खेलने के दौरान मिलने वाली हार उन्हें निराशा से आगे निकलना सिखाती है, जबकि जीत उन्हें खेल में की गई उनकी मेहनत की महत्ता के सही अर्थ को बतलाती है। खेल के मैदान पर बच्चे केवल अपना समय नहीं बिताते, बल्कि उनके जीवन के महत्वपूर्ण कौशल को भी सीखते हैं।

बाहरी या मैदानी खेल बच्चों के शारीरिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने बच्चों के खेलने, सीखने और मनोरंजन के साधनों को बदल दिया है। लैपटॉप, मोबाइल और टेबलेट जैसी युक्तियों से बच्चों को पढ़ाई और नई–नई जानकारियाँ प्राप्त करने में मदद मिलती है, लेकिन आवश्यकता से ज्यादा डिजिटल स्क्रीन के उपयोग से उनके खेलने, सोने और परिवार के साथ बिताने का समय अव्यवस्थित हो जाता है। इसलिए माता–पिता को बच्चों के लिए डिजिटल स्क्रीन के उपयोग की समयावधि तय करनी चाहिए और बच्चों को नियमित रूप से बाहरी या मैदानी खेलों और शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए।

बच्चों में डिजिटल स्क्रीन के उपयोग की समयावधि बढ़ने के पीछे का कारण आज की बदलती हुई जीवनशैली है। एक ओर डिजिटल स्क्रीन पर आसानी से उपलब्ध मनोरंजक वीडियो बच्चों को आकर्षित करते हैं, वहीं दूसरी ओर विद्यालयों की पढाई का भार, गृहकार्य मोबाइल पर भेजना, अन्य गतिविधियों का भार, माता–पिता की व्यस्त दिनचर्या और बच्चों के लिए सुरक्षित खेल के मैदानों की कमी के कारण खेल के अवसर कम हो रहे हैं। इसलिए बच्चों पर दोषारोपण करने के स्थान पर उन परिस्थितियों पर चिंतन करना चाहिए जो उन्हें डिजिटल स्क्रीन के पास और खेल मैदानों से दूर ले जा रही हैं। डिजिटल स्क्रीन और खेलने की समयावधि में संतुलन अत्यावश्यक है। माता–पिता को बच्चों के लिए डिजिटल स्क्रीन के

उपयोग का समय कम करके रोजाना बाहरी या मैदानी खेलों को बढ़ावा देना चाहिए और माता–पिता साथ खेलेंगे, तो यह बच्चों के लिए और भी आनंदित होगा। बच्चों के लिए सुरक्षित खेल के मैदान उपलब्ध कराने चाहिए और विद्यालयों में भी खेलों को बढ़ावा मिलना चाहिए। आज के आधुनिक युग में डिजिटल स्क्रीन के उपयोग का समय व्यवस्थित करके खेलकूद के लिए समय निकलना भी जरूरी है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि आज के आधुनिक समय में खेल और तकनीकें, दोनों ही बच्चों के जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं। डिजिटल स्क्रीन से बच्चे नई चीजें सीखते हैं, वहीं खेलकूद से वे स्वस्थ रहते हैं और जीवन की चुनौतियों का सामना करना तथा मिलजुलकर रहना सीखते हैं। इसलिए माता–पिता ध्यान दें कि बच्चे डिजिटल स्क्रीन का उपयोग केवल जरूरी काम के लिए करें और नियमित रूप से बाहर भी खेलें। इसमें माता–पिता, विद्यालयों और हमारे समाज को साथ मिलकर प्रयास करने चाहिए क्योंकि "बच्चों की असली जीत केवल डिजिटल स्क्रीन पर अंक बढ़ाना ही नहीं, बल्कि जीवन के मैदान में आगे बढ़कर स्वयं को स्वस्थ रखना भी है।"

पसीने की बूँदें और फाइल के पन्नेः खेल से जीवन की नई रफ्तार

बिजेन्द्र कुमार

सी.एस.आई.आर.–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली

रोजमर्रा की प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ, नियमों की उलझनें और कंप्यूटर स्क्रीन पर टकटकी लगाए रखना, यह हम सभी की कार्य–संस्कृति का एक नियमित हिस्सा बन चुका है। सुबह घर से निकलकर दफ्तर पहुँचना और तयशुदा दायित्वों को पूरा करते हुए शाम को घर लौटना, इस चक्र में अक्सर हमारा शरीर और मन एक सुस्ती सी महसूस करने लगता है। ऐसे में 53वें एसएसबीएमटी टूर्नामेंट (आउटडोर) का आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे पेशेवर जीवन में एक तरोताजगी भरी बयार की तरह है। दफ्तर की चारदीवारी से निकलकर जब कोई कर्मचारी हरी–भरी घास वाले मैदान पर कदम रखता है, तो वह केवल एक खिलाड़ी नहीं बनता, बल्कि वह अपने भीतर के उस उत्साह को फिर से जागृत करता है जो कागजी फाइलों के ढेर में कहीं दब सा जाता है। खेल का मैदान हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल दायित्वों का निर्वहन नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा, गति और आनंद का भी नाम है।

आजकल जिस 'स्क्रीन टाइम और गतिहीन जीवनशैली की चर्चा चारों ओर होती है, उसका सबसे सटीक और प्राकृतिक उपचार खेल ही है। जब हम मैदान पर दौड़ते हैं, बैडमिंटन शटल के पीछे भागते हैं या क्रिकेट में बल्ला घुमाते हैं, तो शरीर का आलस गायब हो जाता है। यह पसीना केवल शारीरिक फिटनेस ही नहीं देता, बल्कि दिमाग के सारे मानसिक तनाव और उलझनों को भी धो देता है। सबसे खूबसूरत बात यह है कि खेल हमें हमारे सहकर्मियों से एक नए और अनूठे रिश्ते में बांधते हैं। दफ्तर के कमरों में हम अक्सर औपचारिक और पेशेवर संवाद तक सीमित रहते हैं। लेकिन मैदान पर जब हम एक ही टीम के लिए संघर्ष करते हैं, एक–दूसरे को पास देते हैं और जीत पर गले मिलते हैं, तो आपसी दूरियों अपने आप मिट जाती हैं। हारने पर एक–दूसरे की पीठ थपथपाना और आगे बेहतर करने का हौसला देना ही वह असली ''खेल भावना'' है, जो हमारे कार्यस्थल पर भी आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करती है।

एक अनुशासित खिलाड़ी जानता है कि नियम, निरंतरता और रणनीतिक सोच के बिना जीत हासिल नहीं की जा सकती। यही गुण जब हम अपने प्रशासनिक और पेशेवर जीवन में उतारते हैं, तो काम करने का तरीका और अधिक प्रभावी हो जाता है। एक स्वस्थ मन और ऊर्जावान शरीर के साथ किया गया कार्य हमेशा बेहतरीन परिणाम देता है।

यह टूर्नामेंट हम सभी को एक बेहतरीन मौका दे रहा है कि हम अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा वक्त निकालें, अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और खेल के मैदान की ऊर्जा से खुद को फिर से चार्ज करें। आइए, इस आयोजन का भरपूर हिस्सा बनें और खेल को अपने जीवन का एक जरूरी हिस्सा बनाएं।

Sports: A Natural Medicine for Mind and Body

Anoop K.M.[1,2]

[1]Photovoltaic Metrology Section, Advanced Materials and Device Metrology Division, CSIR-National Physical Laboratory, Dr. K. S. Krishnan Road, New Delhi-110 012, India
[2]AcSIR-Academy of Scientific & Innovation Research (AcSIR), Ghaziabad-201 002, India

In this modern era, where the pace of life is quickening, stress, anxiety, and depression have become very much part of everybody's life. Pressures from education, pressures from office related works, family related pressures, and pressures regarding social relations can slowly impact the psychological wellbeing of a person. Apart from taking medicines and counseling, if required, one can rely on sports, which can prove very helpful for their mental health. Sports are advantageous not only for physical health but also for mental health and stress reduction.

Exercise and other forms of physical activity cause the body to produce chemicals like endorphins that create feelings of wellbeing and positive mood states. Consistent exercise can help the brain deal with stressful situations better and be helpful in managing symptoms of depression. Physical activity improves blood flow to the brain, which increases the ability to focus and memorize things.

Anxiety disorders often come with symptoms of a quickened heart rate, problems with breathing, insomnia or constant worries. Physical activities like walking, jogging, swimming, riding a cycle, practicing yoga, or participating in team sports allow the muscles to relax, normalize breathing, and let off tension. Consistent participation in exercises allows a person to reduce stress levels, cope with aggressive behavior, and manage mild symptoms of depression.

Unique Advantages of Playing Team Sports :

There are some unique benefits that playing team sports can provide that would not be available when exercising alone. Cricket, volleyball, football, badminton, and kabaddi, among other sports, will force people to interact, communicate, and work together. Socializing is known to decrease isolation and help people form genuine friendships. Depressed people tend to isolate themselves from others and feel lonely. In such circumstances, participating in a team and enjoying the sport will definitely be a good way to feel connected to others. Small victories in sports can help people increase their confidence. Scoring a goal, making a run, finishing the match, or even sticking to training regime can make people feel like they accomplished something and say to themselves "I can do this." Scientists have found out that engaging in sports activities helps to increase people's self-esteem, life satisfaction, and social interactions, as well as reduce depression and anxiety symptoms.

Making Sports a Regular Part of Everyday Life :

There is no need to work out for several hours every day. For most people, about 30 minutes of moderate exercises, including playing a game, jogging, biking, swimming, etc., done five times a week may be an appropriate program. Beginners in sports can start from 10-15 minutes of walking and increase the period depending on their physical fitness. It is also stated in clinical guidelines that regular exercise may be an effective way to cope with depression.

The main thing here is the regularity of exercise. A simple activity that has become routine and is performed for several weeks will be much more beneficial for one's mental state than one exhausting

workout. Any regular movements that have been done for some time can have a positive effect on one's mood and psychological state in general.

One can integrate the advantages of sports and physical activities into one's daily routine through the following practical tips: It could start with walking for 20-30 minutes in the morning or after work. Also, it is possible to play badminton, football, cricket, or volleyball with friends two-three times a week. Instead of using an elevator, one can choose stairs, and it is essential to take breaks from mobile phones. Moreover, playing games with children not only brings pleasure but also helps to build stronger family relations.

It should be noted that it is necessary to listen to one's body and decrease the intensity of exercises in case of pain, fatigue, or any kind of discomfort. Sports not only entertain people. When sports become an integral part of their lives, they not only boost one's mental health and physical condition but also increase one's energy and optimism. It is impossible to say that sports help get rid of anxiety and depression completely, but they definitely build one's mental strength and resilience.

References :

1. Singh, B., Olds, T., Curtis, R. *et al.* (2023). Effectiveness of physical activity interventions for improving depression, anxiety and distress: an overview of systematic reviews. British Journal of Sports Medicine, **57**(18), 1203-1209.
2. https://malayalam.whiteswanfoundation.org/mental-health-matters/wellbeing/exercise-and-mental-wellbeing.
3. Eime, R. M., Young, J. A., Harvey, J. T., Charity, M. J. and Payne, W. R. (2023). The impact of sports participation on mental health and social outcomes in adults: a systematic review. Systematic Reviews, 12, Article 102.
4. Firth, J., Solmi, M., Wootton, R. E. *et al.* (2021). Physical activity, exercise, and mental disorders: it is time to move on. World Psychiatry, **20**(3), 417-418.
5. https://www.mathrubhumi.com/health/wellness/how-exercise-reduce-stress-importance-of-exercise-aad5085d.

Move More, Screen Less: Building a Healthier Future

Rohit Yadav[1,2] and Kriti Tyagi[1,2]

[1]*CSIR-National Physical Laboratory, Dr. K.S. Krishnan Marg, New Delhi-110 012, India*
[2]*AcSIR-Academy of Scientific & Innovation Research (AcSIR), Ghaziabad-201 002, India*

We live in a time where digital technology is now a part of daily life. The average person now spends nearly seven hours a day staring at phones, computers, tablets and television. Meanwhile, physical activity levels have plummeted. Even though technology has made many things easier depending much on screens has caused a new issue: finding the right balance between using technology and being active. Technology can help with learning, being creative, talking to others and relaxing. Video lessons, online classes and book collection digitally can make learning fun and reach easily. Online tools help people to stay in touch with friends and family even if they are far away. Screen are not inherently evil but these tools connect us, educate us and entertain us. The big worry happens when screen time increases and starts to take the place of moving around talking to people, being outside and getting rest. A vast amount of time to sit in front of screen can change your healthy lifestyle to laziness. A prolonged period without work or any movement can make people less physically fit and also lag in social development. Young people and children are especially vulnerable since regular movement, daily routines, good sleep quality are very crucial to their physical and mental growth.

Maintaining one's physical and emotional well-being is mostly dependent on physical activity. Frequent exercise strengthens bones and muscles, increases flexibility, promotes healthy body development and increases cardiovascular fitness. Activities such as walking, running, cycling, swimming and playing outdoor games can help individuals remain active and energetic. Even simple daily movements can make a meaningful difference when they become part of a consistent lifestyle. Sports are especially valuable because they combine physical exercise with learning and social development. Engaging in athletic activity may improve endurance, coordination, core strength and concentration. Simultaneously, team-based activities can improve their communication, leadership quality and mutual respect. Development of emotional strength also improves through these activities. Generally, in competition winning can bring joy and boost confidence while losing competition can also offer insightful learning about patience, efforts and self- improvement. Potential to handle both winning and defeat gracefully is important skill in life.

Building a healthier future does not require drastic change but it starts with small step, consistent choices :

- **Set screen limit :** Establish digital boundaries or regular phone free during meal and bedtime.
- **Hourly movement :** Introduce short bust of activity such as standing, stretching or walking around to reset your body.
- **Make staying active a team effort :** Join a local walking club or plan active family time.
- **Play first :** Drive children towards outdoor games, creative arts or creative hobbies.
- **Be a role model :** Kids copy what you do. When they see you getting moving instead of staring at your phone, they will want to do same.

Currently, Advancement in technology are highly helpful in our daily lives but it should not replace physical activities and real-world interaction. Limited use of screen time can be helpful in education,

entertainment while regularly physical activities strengthens muscle, increasing overall vitality and also sharpens the mind. Sports additionally develop teamwork, more discipline, confidence, resilience and social development skills. A healthy lifestyle therefore requires neither rejection of technology nor unlimited screen use. Choices we make today shape the health of tomorrow. We also model healthier habits for next generation which can prevent chronic disease and improve quality of life for decades to come. The real objective is to achieve balance, when individuals learn to use screens while giving sufficient time to physical activity, outdoor sports, rest and meaningful social interaction. They can enjoy the advantages of technology without sacrificing their health. Ultimately when it comes to building a more balanced future the field and the court deserve a place, alongside the screen.

Beyond the Final Whistle

Isha[1] and Swati Jha[1,2]

[1]Photovoltaic Metrology, Advanced Materials and Device Metrology, CSIR-National Physical Laboratory, New Delhi-110 012, India
[2]AcSIR-Academy of Scientific & Innovation Research (AcSIR), Ghaziabad-201 002, India

To most of us, sport is only a bit of fun for the weekend, but it gives far more than that. Sport keeps people healthy, shapes who they are, draws neighbors closer, and can even ease friction between nations. But to get the full benefit from sport, we have to rethink how we play, who gets to take part, and what we actually value when we win. We should begin with sportsmanship, an idea that reaches well past the handshake at the end of a match. It is the practice of playing hard but playing fair, with due respect for the rules, the rival, the referees and the final outcome. Think of a batter who leaves the crease before the umpire raises a finer, or a footballer who puts the ball out of play so a hurt opponent can get help. Such gestures stay in out memory long after the final score is forgotten, and they teach us that victory counts, but the manner of it counts even more.

Sadly, that ideal is slipping. Doping, match-fixing, and ball tampering, all driven by a wish to win no matter what, have left many fans doubting sport. So integrity has to come first, not last. Strong anti-doping agencies and safe routes for whistle blowers help, yet they count for little if the bodies running sport cannot be trusted. Far too many federations are held back by secrecy, political pressure and a careless attitude towards their players. What they need are trained administrators, limits on how long officials can hold office, selections on merit and real support for athletes once they retire. Playgrounds matter too. A country that backs a few stars but neglects its local grounds will sooner or later find no new talent coming up.

Those playgrounds have to welcome everyone, and the most pressing change is getting more women into sport. Girls quit more often than boys, pushed out by worries about safety, a lack of proper facilities, expectations at home and unequal pay and media attention. Still, the careers of Mary Kom, P.V. Sindhu, Mirabai Chanu and the Indian women's hockey and cricket teams prove what is possible when talent finally gets a chance, and millions of girls now look up to them. With safe places to train more women as coaches, equal prize money and proper media coverage, these individuals wins can grow into a wider movement. A girl who learns to compete also picks up confidence, leadership and the belief that she has a place in any arena.

An inclusive team does more than help its own players. It can pull a country closer together. Picture fans from every region, language, faith and caste cheering for the same flag. For those few hours their differences matter less, and a last-over win an Olympic medal becomes something everybody remembers together. When people from different backgrounds play side by side on the same team, or join a league in their own neighbourhood, they come to trust each other far more than a speech could make them. A nation whose athletes are respected for playing fair can win real sway in the world without ever making a threat.

Some of the best work sport does happens quietly, in people's health. Illnesses like diabetes, heart disease, obesity and depression are growing, and regular exercise is one of the least expensive ways to keep them away. A park or a small community gym cost little compared with a hospital stay, so the money is rarely wasted. Research helps here too. Findings on how the body moves, what it needs to eat and how it recovers from injury once stayed with professional teams, but ordinary people can use them now to exercise sensibly

and get better quicker. Children, though, are moving a lot less these days. The hours they once spent playing outside are now spent in front of screens, and it shows in their posture, their sleep, their mood, and their ability to concentrate. None of this means screens are the villain. The real aim is balance, and families can begin by keeping a little time free for outdoor play every day.

School can make the biggest difference here, because that is where sport can become a regular part of every child's education. Physical education deserves to be treated as a proper subject, not the first class dropped when exams get close. Studies keep finding that students who stay active concentrate better, remember more and do better in their studies. Playing in a team teaches children to work with others, losing teaches them to get up and try again, and leading a side teaches them what responsibility feels like. A textbook can only describe these things.

When we look at everything together, sport turns out to be connected to people's health, their schooling, fairness between men and women, pride in the nation and even how countries get along. How much good it does depend on what we decide to do. We can guard fair play, let every girl and boy onto the field, put up playgrounds as willingly as stadiums, and admire champions for their character as much as for their medals. If we get these things right, sport will go being what it has always been at its finest, which is much more than a game. It is a place where people learn how to live.

Growing participation of Women in Sports

Aparna Singh

[1]*Project Associate, Photovoltaic Metrology*
CSIR-National Physical Laboratory, New Delhi-110 012, India

Sports do enough for us than just maintaining our bodies. Running, swimming, or kicking a ball around builds strength and stamina, but it also teaches us how to be in discipline, and push ourselves when we'd rather quit. Along this, we learn how to work in a team, leadership qualities, and how to build trust with the people beside us. Every success builds our confidence, and every failure teaches us perseverance, reminding us that getting back up matters more than never falling. For a long time, sport was treated as a man's world, and women were kept out by social customs, stereotypes, and a simple lack of opportunity. But women never failed in proving that talent, commitment, and hard work have no relation with gender. Today they compete at the state, national and international levels, inspiring millions of people. Encouraging more women to play is necessary not only for equality but also for building a sporting culture.

- **The Historical Evolution of Women in Sports :**

  In history, women faced severe difficulties to taking part in sports. Traditional ideas forced women to look after the household chores and kept them away from taking up physically demanding activities. They also had limited access to sports facilities, professional coaching, and chances to compete.

  As society changed, girls got a better education and the fight for women's rights gained strength, more doors opened for female athletes. One after another, women competed not only at the Olympics but also in international events and in this way whole world got to see their talent. Women now participate in nearly every kind of sport, such as athletics, badminton, wrestling, boxing, hockey, football, cricket, and weightlifting. This increasing participation marks actual advancement toward gender equality in sports.

- **The Present State of Women's Involvement in Sport :**

  Today, women are a huge part of the world of sports. Women's involvement in sports has increased rapidly in recent decades. Women and girls are playing sport more than before, but real gaps persist between participation and equality.

  In India, women stars like P. V. Sindhu, Mary Kom, Mirabai Chanu, and Sakshi Malik motivate and build confidence among girls, and the increasing popularity of women's cricket has increased the interest of public. Yet participation is still irregular across regions, communities, and income levels, with many girls in rural areas are lacking facilities, coaching, and funding. Inspiring more people to involve in sports at the local level is important for generating a sports culture where everyone feels included.

  In India, women's cricket has gained ground. The male-to-female ratio among cricket players has shifted from 5:1 in 2020 to 3:1 in 2026, and more young women now see sport as a possible career.

- **The Significance of increasing Women participation in Sports :**

  Promoting women to participate in sports is beneficial physically and mentally beyond winning competitions. Physically, it builds strength, stamina, coordination, and fitness, and it helps them to develop healthy routine early in life. Mentally, it develops confidence, courage, and self-discipline, which benefits them in their studies, career, and everyday lives.

Women athletes are role models for young people. Their success breaks traditional beliefs about women abilities, and encourages girls to follow their dreams without fear. Women's participation in sports also brings people together, giving a chance to people who belong to different economic, cultural, and social backgrounds.

Sport can also open doors to scholarships, careers, and financial independence, whether as athletes or as coaches, referees, administrators, physiotherapists, or sports scientists. Finally, as more women succeed, people's old beliefs about women begin to change.

- **Major Obstacles Women Encounter in the Field of Sports :**

1. In some places, sports are not regarded as appropriate for girls, and families do not encourage their daughters to participate because of traditional thinking, safety concerns, or doubts about sports careers.
2. Girls in rural and poor areas often do not have proper playgrounds, equipment, trained coaches, and suitable training centres.
3. Women's sports often get less sponsorship, media attention, and financial support than men's sports.
4. Some women athletes face discrimination or unsafe environment.
5. Many women find it difficult to balance their studies, family expectations, responsibilities and heavy training schedules without flexible arrangements or proper career guidance.

In conclusion, fostering women's participation in sports is important for achieving gender equality, improving public health, empowering women, and development of sports across the country. Although progress has been made over the years, many women still face certain challenges that prevent them from participating freely and reaching their full potential.

These challenges can be overcome by improving school programmes, providing affordable facilities, financial support, showing women's sports in a positive way in the media, enhancing family support, and by ensuring safety, with governments, schools, sports bodies, and communities working together. The goal is not just to create women stars in the field of sports but to open sport to every woman, and investing in this now will build a healthier, fairer, and more inclusive society.

Sports: A tool for National Integration

Ayush Verma

CSIR-National Physical Laboratory, Dr. K. S. Krishnan Road, New Delhi-110 012, India

"In the final lap of a marathon,
or the sprint with javelin on shoulder,
In the penalty shootout of hockey,
or the checkmate of Chess Grandmaster,
In the women's world cup we win,
or the glory of bows and pistols,
In the punches knocked to gold,
and the shuttles that rose to millions.
What holds it all together,
is love of 1.48 billion people."

We, the people of India, the commoners to the rich men, the dark dusky people to the cloudy fair ones, the ones living under 0°C to the ones surviving over 50°C, are still the ones who believe in culture, communication, and communities. For the amount of the day we spend in working, we share a comparable amount of time having conversations, debates, and discussions. Sports are one of the most widely discussed topics other than the corrupt systems and politics in India.

In India, if there is a discussion on sports, then for a major proportion of people, the discussion is about Cricket. The article is not to express any bias toward **Cricket**, but can't shy away from the reality. Cricket, the Gentlemen's game was introduced to the globe by England and was played only between England and Australia. During the British East India company chapter, the Cricket got introduced to India. For a long period of time, it was a game of amusement for people, and nothing brought the feeling of National Integration especially from the sector of Cricket.

In the year 1932, India played their first Test match. But, **"Praises are only Whispers, until you win the battle"** and It took us 20 years to achieve our first test match victory against England (the nation that ruled over India for around 200 years). It was the first instance, where there were fumes of National Integration amongst the people of our nation. Later the war and Cricket played between India and Pakistan also became the main surge of National integration for people. The two countries have been at war multiple times and India has always come out hoisting its National flag high because of the bravery and solidarity of our Soldiers. From those war days till today, an India vs. Pakistan match means a country with 1.48 billion people rising up together to support their nation. Even people with zero interest in cricket hold that national pride feeling within themselves.

A major rise in National integration with the help of sports came in the year 1983, when India won the first One - Day World Cup. That feeling of victory spread all across the country and we felt united against the world that day. From that day to today, we are globally considered one of the best cricket teams, and each player is loved irrespective of caste, colour, creed, gender, and the state that cricketer belongs to. It's also a sad affair that the next sport that united us has been losing its charm since 1980, when we won our last Gold medal in **Hockey**. India saw the golden days of Hockey at the Olympics becoming gold medallist

for 6 consecutive Olympics between 1928 and 1956. But, the glory and nationalist feeling due to these achievements was over shadowed by struggle for independence and riots after that. India again won gold in 1964 and 1980 that spread the love and unity for the sports across the nation. But, we fail to continue our glory in the world in later years.

